हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार 9 फरवरी 2026

11 खेतों से पानी की निकासी नहीं हुई तो सामाजिक ...



12 कन्या स्कूल बनाने एवं सरकारी भूमि से कब्जे ...



EST. 1994

SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia

#1 SCHOOL IN BHIWANI
32 YRS LEGACY

BHIWANI'S MOST PREMIUM CBSE SCHOOL

शिक्षा केवलं पुस्तकेषु लिखितं ज्ञानं न अस्ति, या शिक्षा जीवनम् अनुशासनेन संयोजयति,
संस्कारैः बालकान् सुशोभयति, चरित्रनिर्माणं करोति – सा एव सच्ची शिक्षा भवति॥

अनुशासनः जीवनस्य मूलम् अस्ति; अनुशासनात् विनयः जायते, विनयात् शीलम् उत्पद्यते,
शीलात् चरित्रनिर्माणः भवति, चरित्रेण समाजस्य उन्नतिः भवति॥

शिक्षा केवल पुस्तकों में लिखा हुआ ज्ञान नहीं होती, बल्कि वह शिक्षा जो जीवन में अनुशासन लाती है,
बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करती है और उनके चरित्र का निर्माण करती है – वही सच्ची शिक्षा कहलाती है।

अनुशासन जीवन की नींव है; अनुशासन से विनम्रता आती है, विनम्रता से शील-स्वभाव बनता है,
शील से चरित्र बनता है और अच्छे चरित्र से समाज आगे बढ़ता है।

**Inspired by timeless Sanskrit values, Saraswati Vidya Vihar believes true education goes beyond textbooks.**

We focus on discipline, values, and character to shape confident, responsible individuals. Here, education is not only about academics, but about building strong character and preparing students for a meaningful future.

Join Saraswati Vidya Vihar, where education builds character and values shape tomorrow's leaders.

ADMISSIONS OPEN

SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia

#1 SCHOOL IN BHIWANI
32 YRS LEGACY

CBSE AFFL. NO: 531425

# ADMISSIONS OPEN 2026

Saraswati Vidya Vihar welcomes applications for the new academic session

- Structured & Disciplined Learning Environment
- Emphasis on Character & Personality Development
- Air Conditioned Classrooms
- Value-Based Education with Indian Ethos
- Experienced & Dedicated Faculty
- Sports & Co-Curricular Excellence
- Safe & Secure CCTV-Enabled Campus
- Student-centric Teaching Approach

## Our Approach to Education

**At Saraswati Vidya Vihar, education goes beyond textbooks.**

We focus on discipline, values, and character while nurturing academic excellence. Our structured learning environment helps students grow into confident, responsible, and well-rounded individuals.

## THE PREMIER CBSE SCHOOL IS HIRING

### OPEN POSITIONS:

- **PGT:** Physics, Chemistry, Mathematics, Biology
- **PGT:** English, Hindi, Economics, Computer, Accountancy, Business Studies
- **TGT:** English, Science, Mathematics, Social Science, Computer, Hindi, Sanskrit
- **PRT:** English, Mathematics, Hindi, Computer, EVS
- **Pre-Primary Teacher:** Trained Nursery Teachers
- **Miscellaneous Teacher/Staff:** Art and Craft, Dance, Music, Physical Education
- **Other Positions:** PRO, Front Desk, IT Technician, Admission Counselor
- **Sports & Games Coaches:** Cricket, Football, Basketball, Athletics, Badminton, Lawn Tennis, Yoga, Horse Riding Coach

Join our leading CBSE institution with a legacy of excellence since 1994

Send your applications at: careers@saraswatividyavihar.in 99915 30507

## खबर संक्षेप

### जिले की समस्याओं को विस सत्र में उठाएगी कांग्रेस

**बाढड़ा।** आगामी विधानसभा सत्र में कांग्रेस विधायक उन क्षेत्रों की मांगों को प्राथमिकता से उठाएंगे जहां पर भाजपा विधायक हैं और वहां के कई मुद्दों पर सरकार से टकराव बना हुआ है। दादरी जिले के किसानों का धरना, बकाया मुआवजा, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन, जाम से निजात पाने के लिए रिंग रोड जैसे मुद्दों को लेकर दिल्ली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण में हुई बैठक में एक दर्जन मांगे उठाने पर सहमति बनी है। दादरी जिले की समस्याओं को विधानसभा सत्र में उठा कर कांग्रेस राज्य स्तर पर सरकार को कटघरे में खड़ा करनने का मन बना चुकी है।

### सरकार गरीबों को बर्बाद करने पर तुली : धानक

**चरखी दादरी।** जिला कांग्रेस कमेटी चरखी दादरी के आह्वान पर झोझू कलां ब्लॉक के गाँव चांगरोड स्थित अनुसूचित जाति धर्मशाला में रविवार को मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुशील धानक ने की। उपस्थित ग्रामीणों ने मनरेगा बचाओ देश बचाओ के जोरदार नारे लगाकर अपना रोष व्यक्त किया।
सुशील धानक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लगातार मजदूरों और किसानों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

### जल्द होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान

# खेतों से पानी की निकासी नहीं हुई तो सामाजिक संगठन करेंगे प्रदर्शन

महापंचायत में अंडर पास, खेतों में जमा पानी तथा क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। आयोजित महापंचायत में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

रेलवे अंडर पास में जमा भूमिगत पानी, खेतों में जलभराव, बारिश के पानी से क्षतिग्रस्त हुए मकानों का मुआवजा व बाईपास के साथ को सर्विस रोड निकाले जाने की मांग को लेकर सामाजिक संगठनों को गांव लोहारी जाटू में महापंचायत हुई।

उक्त बैठक में हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष अधिवक्ता राजेश सिंधू व संयोजक रामकिशन काजल, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रधान राजेश कूंगड, रामफल देशवाल, जाटू लोहारी संघर्ष समिति के संयोजक राजेंद्र कुमार, पूर्व सरपंच जयदेव तंवर,रामौतार बलियाली, हरफूल कदावला, ईश्वर दत्त, दीपक यादव, रोहतास शर्मा, फूल सिंह बलियाली, बोधा शर्मा, दिलबाग सिंह आदि ने बताया कि अंडर पास में जमा भूमिगत पानी की वजह से उनके खेतों में आना व जाना पूरी तरह से बंद हो गया है। इसी तरह विगत में हुई भारी बारिश की वजह से गांव लोहारी जाटू व अन्य आसपास के गांवों में जलभराव हो गया था। जिसके चलते खरीफ की फसल तो पूरी तरह से बर्बाद हो गई। अब रबी की फसल भी बिजाई नहीं हो पाई है। किसानों पर दोहरी आर्थिक मार पड़ी है।

इनके अलावा बारिश के वक्त जलभराव की वजह से अनेक मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिस वजह से मकानों में दरार आ गई। वे मकान रहने लायक नहीं बचे है। इस बारे में सरकार ने इस तरह के मकानों की सर्वे तो करवाई,लेकिन मुआवजा नहीं दिया है। जिस वजह से लोगों को जबरदस्त रोष है।

वहीं नए बाईपास के साथ सर्विस रोड नहीं दिया गया है। जिसके चलते अनेक लोगों के खेतों में आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। इन सभी मांगों को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा और लोगों को एकजुट किया जाएगा।

#### ओपन फाटक स्थापित करने की मांग

पंचायत की अध्यक्षता धर्मपाल जाटू लोहारी ने की। पंचायत में सबसे पहले रेलवे अंडर पास में जमा भूमि गत पानी की समस्या को उठाया गया। जिसमें लोगों ने सर्व सम्मति से अंडर पास की बजाए ओपन फाटक स्थापित करने की मांग की।

#### तहसील परिसर में अनिश्चतकालीन आंदोलन चलाएंगे

उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी सरकार ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे जल्द ही तहसील परिसर में अनिश्चतकालीन आंदोलन चलाएंगे।

## खबर संक्षेप



### गांव मुंढाल में सजी हरियाणवी लोक संस्कृति की महफिल

**बवानीखेड़ा।** गाँव मुंढाल खुर्द स्थित श्री कृष्णा गौशाला परिसर में हरियाणवी लोक साहित्य और सांग परंपरा को समर्पित चार दिवसीय सांग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। 4 फरवरी से प्रारंभ हुए इस सांस्कृतिक महोत्सव ने क्षेत्र में लोक संस्कृति के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के महान कवि जाट मेहर सिंह, सांग सम्राट दादा लखमीचंद एवं पं. मांगेराम द्वारा रचित प्रसिद्ध सांगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। प्रख्यात सांगी कलाकार सुभाष चंद्र एवं उनकी टीम ने अपनी सशक्त गायकी और जीवंत अभिनय के माध्यम से दर्शकों को हरियाणवी लोक परंपरा की गहराई से रूबरू कराया। सांग मंचन के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर लोक रंग में रंगा नजर आया।

### जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी

- 26 परियोजनाओं के लिए 24.5 करोड़ की राशि स्वीकृत : सुनील

**चरखी दादरी।** दादरी विधानसभा क्षेत्र में बरसात के मौसम के दौरान जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दादरी विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि बाढ़ राहत कार्यों के तहत क्षेत्र में 26 परियोजनाओं के लिए करीब साढ़े 24 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक सुनील सांगवान ने जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत दादरी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। जिन गांवों में यह कार्य प्रस्तावित है, उनमें गांव चरखी, स्वरूपगढ़, कन्हेटी, नीमली, बिरही कलां, इमलोटा, मिर्च, कासनी, घिकाड़ा, जयश्री, मिसरी, भागवी, अचिना, बिगोवा और लोहरवाड़ा प्रमुख हैं। इसके अलावा लघु सचिवालय से बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी तक पाइप लाइनें बिछाने, मोटरें लगाने और अन्य आवश्यक तकनीकी सैटअप स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी परियोजनाओं को लेकर संबंधित विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि रबी फसलों की कटाई के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।
विधायक सांगवान ने कहा कि दादरी क्षेत्र में हर साल बारिश के दौरान जलभराव से आमजन के साथ-साथ किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद न केवल जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि फसलों की सुरक्षा, सड़कों की मजबूती और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन भी बेहतर होगा।



### हर व्यक्ति को समाज के साथ एकता के भाव में जीना चाहिए : अनिल

**भिवानी।** हिंदू समाज एक रहे और सनातन धर्म की ना केवल रक्षा करे बल्कि सनातन धर्म के बारे में जाने। इसी उद्देश्य को लेकर सेक्टर 13 के सामुदायिक केंद्र में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता हंसराज गुलाटी ने किया। कार्यक्रम के सह संयोजक उषा मक्कड़ व नरेंद्र शर्मा थे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार ने कहा की आज हिंदू समाज अपनी संस्कृति को भुलता जा रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की हमारी संस्कृति हमारी विरासत है और हमें इसे बचाने के लिए अपने बच्चों को भी सनातन धर्म की शिक्षा देनी होगी। उन्होंने कहा की हर व्यक्ति को समाज के साथ एकता के भाव में जीना चाहिए और समाज को संगठित रखने के लिए अपना समर्पण रखना चाहिए। उन्होंने कहा की वर्तमान परिस्थिति में हिंदू को सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया। इस मौके पर भिवानी सिंह सभा गुरुद्वार के ग्रंथी प्रेम सिंह ने कहा की सम्पूर्ण पृथ्वी अपना परिवार है।

### गंदगी की शिकायत मिलते ही तुरंत सफाई करवा कर भेजे जा रहे हैं स्वच्छता के फोटो

**,भिवानी।** यदि कहीं पर गंदगी से संबंधित कोई समस्या है तो नागरिक नगर परिषद प्रशासन द्वारा जारी 8053609453 और 8053609445 पर जगह दर्शा कर गंदगी का फोटो भेज सकते हैं। नगर परिषद् द्वारा अभी तक दो शिकायत गंदगी की फोटो मिली हैं, जहां पर सफाई करवाकर फोटो सहित वापिस संबंधिक व्यक्ति को सूचना भी दे दी गई है। वहीं नगर परिषद ने नगर शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे सडकों पर, खाली प्लाटों या गलियों में इधर-उधर कूड़ा-कचरा ना डालें। जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सरकुलर रोड़ के अलावा अन्य स्थानों से भी कचरा प्वाइंट समाप्त किए गए हैं। नागरिकों से अपील है कि वे जगह-जगह पर कचरा न डालें, इससे शहर में गंदगी का माहौल बनता है और वातावरण प्रदूषित होता है। शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने में आमजन का सहयोग जरूरी है।उन्होंने बताया कि आमजन शहर में कहीं पर भी कचरे से संबंधित उठान व सफाई ना हो होने से संबंधित समस्या जारी किए गए नंबरों पर जगह दर्शा कर फोटो भेजे। नगर परिषद द्वारा 24 घंटे के अंदर सफाई करवाते हुए वापस शिकायतकर्ता के पास सफाई की हुई फोटो भेजी जाएगी।सफाई विकास देशवाल ने बताया कि नगर परिषद द्वारा जारी किए गए नंबरों पर आदर्श नगर के पास ग्रीन बेल्ट के नजदीक और सर्कुलर रोड पर सिटी मॉल के पास कचरा पड़ा होने की शिकायत मिली। शिकायत मिलते ही सफाई कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और सफाई व्यवस्था दुरुस्त की। उन्होंने बताया कि सफाई करवा कर इस स्थान के फोटो भी संबंधित व्यक्ति के पास भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को चौधरी बंसीलाल पार्क के पास में सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया और सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई।



### भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**तोशाम।** रविवार को गांव कतवार के बस स्टैंड पर भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में भारत मल्टीस्पेसलिस्ट हॉस्पिटल हिसार द्वारा स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल चैकअप कैंप आयोजित किया गया। ट्रस्ट के प्रधान नरेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए।ग्रामीणों को कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी समय -समय पर मेडिकल चैकअप कैंपों का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा कैंप लगाने का उद्देश्य है कि ग्रामीण अपना समय पर चैकअप करवाकर स्वस्थ रहे। कैंप में मौजूद चिकित्सकों ने अलग-अलग बीमारियों से सम्बन्धित मेडिकल चैकअप किया वही उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। चिकित्सकों ने कहा कि मौसम परिवर्तन के चलते खानपान का विशेष ध्यान रखें तथा फास्ट फूड आदि का सेवन करने से बचें। शिविर के दौरान ग्रामीणो का ब्लड प्रेशर, शूगर, आखं, नाक, दंत, इत्यादि चैक किया गया तथा स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया गया।

### स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़ एक घंटा खेल बेहद ज़रूरी: पिंकू

- शारीरिक स्वास्थ शिक्षा के बिना संपूर्ण ज्ञान अधूरा

**भिवानी।** तेजी से बदलती जीवनशैली, असंतुलित खान-पान और मोबाइल संस्कृति के चलते अब बच्चों में भी कम उम्र में कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। बदलाव की पाठशाला के माध्यम से समाज को जागरूक करते हुए शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू पीटीआई ने कहा कि बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य शिक्षा देना भी आज समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। उन्होंने बताया कि आज 10 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों में भी जंक फूड, तला-भुना भोजन, मीठे पेय पदार्थ और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यदि बच्चों को शुरू से ही यह सिखाया जाए कि सही भोजन क्या है, व्यायाम क्यों ज़रूरी है और मोबाइल का सीमित उपयोग कैसे किया जाए, तो कई बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने ने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को अपने शरीर, खान-पान, व्यायाम और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना है। बच्चों को यह जानकारी दी जानी चाहिए कि अधिक जंक फूड खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है, मोटापे से बीपी और शुगर का खतरा होता है और नियमित खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने बताया कि मोबाइल, टीवी और वीडियो गेम के अधिक उपयोग से बच्चे खेल मैदानों से दूर होते जा रहे हैं, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। यदि स्कूल स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और खेल गतिविधियों को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाए, तो बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है।

## एनएसएस स्वयं सेवकों का राष्ट्र एवं समाज के विकास में बड़ा योगदानः डॉ पवन

- भारत विश्व का सबसे युवा देश-भवानी प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



स्वयं सेवक राष्ट्र एवं समाज के सच्चे प्रहरी हैं। स्वयंसेवकों का राष्ट्र एवं समाज के विकास में बड़ा योगदान है। किसी भी संस्थान की जान उनके विधार्थी होते है। स्वयंसेवकों को चाहिए वो शिक्षक वर्ग द्वारा दिखाए जा रहे मार्ग पर चलकर आगे बढ़े यह बात हनुमान ढाणी भिवानी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 व 2 के संयुक्त तत्वावधान में यूथ फॉर माई भारत और डिजिटल लिटरेसी विषय पर आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन डॉ पवन शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि युवा अपना भौतिक बौधिक एवं आध्यात्मिक विकास करते हुए देश को विश्व गुरु बनने में अपना अहम योगदान दे। आज वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 व 2 के संयुक्त तत्वावधान में यूथ फॉर माई भारत और डिजिटल लिटरेसी विषय पर आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हनुमान ढाणी भिवानी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम में हुआ। विशेष शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन डॉ पवन शर्मा ने शिरकत की।

## एआईकेकेएमएस ने व्यापार नीति के विरोध में ट्रंप और मोदी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



संयुक्त किसान मोर्चा का विशेष घटक ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने रविवार को तोशाम में बाईपास मार्ग पर किसानो की नाजायज जमीन अधिग्रहण के खिलाफ चल रहे धरने पर अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा आरएसएस-भाजपा सरकार की पूर्ण आत्मसमर्पण की नीति के खिलाफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया। इस दौरान उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के तत्काल इस्तीफ़े की भी मांग करते हुए किसान मजदूरों से इस समझौते के खिलाफ जन आंदोलन तेज करने की अपील की और 12 फरवरी की चार लेबर कोड के खिलाफ कर्मचारियों की हड़ताल को समर्थन दिया। इस मौके पर धरने को संबोधित करते हुए संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों तथा जन-आधारित और वर्ग-आधारित आंदोलनों से अपील कि वे सरकार द्वारा भारतीय किसानों और कृषि को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हवाले करने की साज़िश को रोकने के लिए एकजुट हों।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ईश्वर सिंह, दिलबाग, फतेह सिंह, ओमवीर सरल, रामकुमार कटारिया, नरसिंह श्योराण, महेंद्र सागवान, कर्मवीर सागवान, सत्यवान झूली, राजवीर, अनिल कुमार बागनवाला, ताराचंद, राजकुमार, मांगेराम आदि मौजूद थे।

### दीपेश कारी बने युवा जजपा च. दादरी के जिलाध्यक्ष

**बाढड़ा।** जननायक जनता पार्टी ने अपने प्रदेश स्तरीय युवा संगठन का निर्माण किया है जिसमें दादरी से दीपेश कारी को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। और मनीष छिल्लर को युवा जजपा जिला प्रभारी बनाया गया है। बाढडा कार्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपेश कारी और जिला प्रभारी मनीष छिल्लर को स मानित किया गया और पार्टी हाईकमान जजपा संस्थापक डाक्टर अजय सिंह चौटाला, जजपा वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला, पुर्व विधायक नैना चौटाला, युवा जजपा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, जिला अध्यक्ष रविन्द्र सांगवान व जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास का आभार जताया। जजपा ने पिछडा वर्ग में नरेश निमली को दादरी हल्का अध्यक्ष और महेंद्र स्वामी को बाढडा पिछडा वर्ग का हल्का नियुक्त किया है। और बाढडा कार्यालय में इनको भी सम्मानित किया गया। युवाओं में जननायक जनता पार्टी के प्रति उत्साह है। आभार व्यक्त करने वालों में जजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र सांगवान, जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, सज्जन बलाली, हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली, हल्का अध्यक्ष राकेश कलकल, जिला प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र हूई, महिला जिला अध्यक्ष लक्ष्मी बलौढा, मनफुल रावलधी, भुपेंद्र बौंद, देवेन्द्र बिगोवा, प्यारेलाल लांबा, सुरेंद्र यादव, धर्मराज फोगाट, रामनिवास मिर्च, राजेश समसपुर, सुनील चांदवास, ओमधारा काकडोली, रामकुमार, धर्मवीर फोगाट, कृष्ण बिंद्रावन, धर्मवीर हडोदा, संजय जगरामबास, आनन्द , तेजवीर, संजीव, टिन्नु बडराई, सुबेदार जयवीर, सुबेदार कर्णसिंह, नवीन कारी, संदीप सिरसली, हरपाल हंसावास, सुखवंत, रामपाल, जयभगवान, कर्मवीर, सोमबीर, जयभगवान लाड आदि ने आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम** बवानी खेड़ा के दादी गौरी मंदिर के प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में गूंजे हर हर महादेव, घर-घर महादेव के नारे

# हिन्दू अभी नहीं जागे तो कब जागोगे: विधायक वाल्मीकि

- हरिद्वार से आई जूना अखाड़ा से डॉ. राधा गिरी ने हिन्दू धर्म को बचाने, बेटियों को संस्कारवान बनाने व एकजुटता के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में हिंदू सम्मेलन में पूजा अर्चना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा के दादी गौरी मंदिर के प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके लिए पिछले काफी दिनों से जगदंबा महता व समाजसेवियों ने मिलकर इस कार्यक्रम का सफल बनाने की रणनीति बनाते हुए इसकी कमान संभाली और इसका प्रचार भी करवाया गया। कार्यक्रम में हरिद्वार से जूना अखाड़ा से साध्वी डॉ. राधा गिरी, महामंडलेश्वर तेजशिया मंहत व अन्य संतों ने पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, मा.राजेश कुमार, राकेश कुमार, आशीष कुमार, मार्किट कमेटी प्रधान राजू हंस, लखू सरदार तिलकराज, साहिल महता, रमन टुटेजा आदि ने भी पहुंचकर दादी गौरी मंदिर में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता विश्व हिंदू परिषद भिवानी के जिला अध्यक्ष प्रदीप बंसल रहे व मंच संचालन डा.. कविता तवंर ने किया। कार्यक्रम में बीके विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ''स्वागत, स्वागत, स्वागत है, आज शुभ दिन आए हैं, वहीं गायक मास्टर अशोक द्वारा ''तेरे मंदिर में आ करके तेरी मैं ज्योत जलाउंगा'' से सभी का मन मोह लिया। वहीं वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी।

#### डॉ. राधा गिरी के शब्दों ने अंदर तक झकझोरा

हरिद्वार से डॉ. राधागिरी ने भारत माता के जयघोष के नारे लगाते हुए बताया कि आज हिंदू समाज बिखरा हुआ है और उन्हें एकजूट होने की आवश्यकता है। समाज से पहले हमें अपने घर को सुधारना होगा। आज पति पत्नी की नहीं बनती, मां बेटी, पिता-पुत्र में मतभेद है, पड़ोसी व रिश्तेदार टांग खिंचाई करते हैं। इसलिए इन मतभेदों को छोड़कर एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि हमें सप्ताह नहीं तो माह में एक दिन निकालकर परिवार सहित इक्टठा बैठना होगा और जलपान करने की योजना बनानी होगी ताकि अपनत्व की भावना पैदा होती रही। आज बेटियों के संस्कारों के अभाव के कारण घर टूट रहे है। उन्होंने हम दो हमारे दो की विचारधारा से आगे बढ़ते हुए अधिक संतान पर भी बल दिया। उन्होंने बताया सतयु किसने देखा है आपके कर्म का ही हिसाब होगा इसलिए किसी को दुख न देकर सभी का भला करो। क्योंकि कर्मो के फल से न श्रीराम बच सके और न श्रीकृष्ण सभी को यहीं भोगना है। वहीं उन्होंने विधायक कपूर वाल्मीकि व चेयरमैन सुंदर अत्री को भी मिलकर शहर का नक्शा बदलने की बात कही।

#### भेदभाव छोड़कर एकजुटता में रमें, हिन्दू एक होंगे

नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने हिंदू सम्मेलन में संबोधित करते हुए बताया कि आज परिवार में दो भाइयों के विचार आपस में नहीं मिलते हम एक होने की बात करते हैं। पहले हमें अपना घर संभालना होगा। भेदभाव भूलाकर एक होने की आवश्यकता है। आज यदि स्वयं सेवक संघ न होता तो भारत में इतना भी हिंदू न बचा होता। डॉ. हेडगेवार की परंपरा ने एक अभूतपूर्व कार्य किया। गांव गांव, गली-गली में समस्त हिन्दू समाज को एकजुट करने का काम किया है। वहीं उन्होंने पवित्र दादी गोरी मंदिर के पवित्र स्थान पर इस हिन्दू एकता के संदेश कार्यक्रम की भी सराहना की।

#### हिन्दूत्व की स्पष्ट भाषा बोले विधायक

विधायक कपूर वाल्मीकि ने हिन्दू सम्मेलन में साफ किया कि हमें मतभेदो को भूलाकर एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारत भर में भव्य हिन्दू सम्मेलना का आयोजन किया जा रहा है जिनका उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सामाजक समरसता बढ़ाना और सांस्कृति राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना है। इन सम्मेलनों में जाति-भाषा से उपर उठकर राष्ट्र निर्माण, परिवार और संस्कार और सांस्कृतिक एकता पर जोर दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने अपने संबोधन में कहा ''ना हमें नाम चाहिए ना ही हमें इनाम चाहिए, हमें तो बस भगवा से सजा पूरा हिंदुस्तान चाहिए।

### बाबा भैया मंदिर में आठ दिवसीय कार्यक्रम आरंभ

**भिवानी।** तोशाम बाईपास रोड़ स्थित बाबा भैया मंदिर में 8 से 15 फरवरी तक आठ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन महंत ईश्वर गिरी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। जिसमें पंड़ित कृष्ण कुमार शर्मा श्रीमद भागवत कथा का वाचन करेंगे। यह कार्यक्रम 15 फरवरी को महाशिरात्री के पावन पर्व पर भंडारे के साथ संपन्न होगा। यह जानकारी देते हुए ठेकेदार ओमप्रकाश सभ्रवाल ने बताया कि दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। इस दौरान राजबाला, संपती शर्मा, नैना, मुनेश, लक्ष्मी, सुलोचना, राखी, शालू, पिंकी, मंजू, परमेश्वरी, मितलेश, दर्शना, कांता, रीटा, ज्योति, निशा, नीता, नीलम, प्रिया, अनीता, एडवोकेट बबली पंवार आदि महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## खबर संक्षेप



### विभिन्न वार्डो की गलियों का किया निरीक्षण

**बवानीखेड़ा।** नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने वार्ड नंबर 1,4, 5,14 और 15 में गलियों का निरक्षण किया। अध्यक्ष ने बताया कि कस्बे में कुछ गलियां ऐसी है जिसमें कस्बा वासियों को कई वर्षों से आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन गलियों में सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर ले जा कर मौके का मुआयना करवाया गया है। जल्द ही इन गलियों का एस्टीमेट बनाया जाएगा ताकि उच्च अधिकारियों के पास भेज कर स्वीकृति ले कर इन गलियों की प्राथमिकता के आधार पर टेंडर प्रकिया पूरी करी जा सके।

### पहलवान अरुण शर्मा की स्मृति में कुश्ती दंगल

**बाढ़ड़ा।** गांव मांढ़ी हरिया स्थित प्राचीन तोखनाथ मंदिर परिसर में दिवंगत पहलवान अरुण शर्मा की पुण्य स्मृति में कुश्ती दंगल एवं भंडारे का आयोजन हुआ। इस आयोजन का सफल संचालन हेमंत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने दो लाख रुपये की शैड, कुश्ती मैट तथा 11 हजार रुपए नकद राशि भेंट स्वरूप प्रदान की, जिससे ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। दंगल में दूर-दराज से आए नामी पहलवानों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं व ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष दिसौदिया ने जीते पदक

**बाढ़ड़ा।** गांव काकड़ौली निवासी पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष दिसौदिया ने महाराष्ट्र के पूणे में आयोजित आल इंडिया मास्टर गैंस में कांस्य व ब्रांज मेडल जीत कर इतिहास रचा है। महाराष्ट्र के पूणे में आयोजित 8 वीं आल इंडिया सर्विसेज मास्टर गैंस में भागीदारी करते हुए जिला अंबाला के पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष दिसौदिया ने शाटपुट में सिल्वर मेडल व डिस्कस थ्रो में ब्रांज मेडल हासिल किया है। उन्होंने यह सफलता 45 वर्ष आयुवर्ग के ऊपर के खिलाड़ियोंकी स्पर्धा में प्राप्त किया है जिस पर अंबाला के जिला उपायुक्त अजय तोमर व पुलिस अधिक्षक अजीत सिंह शेखावत ने उनको सम्मानित करते हुए नए जवानों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया है। उनकी उपलब्धी पर सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## रेल अंडरपास महापंचायत ने सांसद चौ. धर्मबीर सिंह को सौंपा ज्ञापन

# कन्या स्कूल बनाने एवं सरकारी भूमि से कब्जे हटाने की मांग

बैठक में 2300 लोगों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर किया था समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रेल अंडरपास महापंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को प्रधान शिवकुमार गोठवाल की अगुवाई में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मवीर सिंह के आवास भिवानी पर पहुंचकर लाइनपार क्षेत्र में लड़कियों कि उच्च शिक्षा हेतु 12वीं तक का स्कूल बनवाने एवं जिला परिषद भिवानी की करोड़ों रुपये की जमीन पर अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग के समर्थन में 2300 लोगों के हस्ताक्षर युक्त प्रस्ताव सांसद को सौंपा।

ज्ञापन सौंपने वालों में संयोजक रोहतास वर्मा, आरडब्ल्यूए पूर्व प्रधान अधिवक्ता राकेश पंवार, महेंद्र सिंह गुलिया, महासचिव सुखबीर सिंह चौहान, रामसिंह वैद्य पूर्व महासचिव साथ रहे। महापंचायत के तत्वावधान में स्कूल बनाओ, जिला परिषद की करोड़ों रुपये की जमीन से अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण हटाने की मांग का समर्थन करने के लिए लाइनपार क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, पार्षद एवं पूर्व पार्षदों, जागरूक लोगों की बैठक में 2300 लोगों ने खुशी जताई और प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर समर्थन कर पारित किया था। इस मौके पर महापंचायत शिवकुमार गोठवाल पार्षद एवं अधिवक्ता राकेश पंवार ने बताया कि पारित प्रस्ताव में लाइनपार क्षेत्र कि आबादी लगभग एक लाख की है, जिसमें 8वीं कक्षा तक का स्कूल है। उच्च शिक्षा के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइनपार कर शहर के सरकारी या प्राइवेट स्कूल में पढ़ रही है।



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

» लाइनपार क्षेत्र की आबादी लगभग एक लाख की है, जिसमें 8वीं कक्षा तक का स्कूल है, उच्च शिक्षा के लिए जाना पड़ता है दूर

### मिलेगा ट्रैक्टर

सांसद ने मांग को जायज ठहराते हुए शीघ्र ही क्षेत्रवासियों कन्या विद्यालय दिलवाया जाएगा। वही सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने पानी कि उचित व्यवस्था के लिए शिवकुमार गोठवाल पार्षद वार्ड 19 के अनुरोध पर एक ट्रैक्टर देना स्वीकार किया।

उच्च शिक्षा के लिए जान जोखिम में डाल शिक्षण संस्थान में जाने को मजबूर बेटिया : शिवकुमार

### इएसआई डिस्पेंसरी और कंज्यूमर कोर्ट के बीच बहुत बड़ा भूखंड

प्रस्ताव में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनाने के लिए सरकार से अनुरोध किया जाए। इस एक सुत्रीय एजेंडे पर विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि इएसआई डिस्पेंसरी और कंज्यूमर कोर्ट के बीच बहुत बड़ा भूखंड, जिसका स्वामित्व जिला परिषद भिवानी के नाम से है, इस भूमि पर इस कन्या विद्यालय का निर्माण करने का अनुरोध हरियाणा सरकार से किया गया। प्रस्ताव पर चर्चा में निर्णय लिया था कि इस भूमि पर विधालय बनवाने के लिए सांसद चौ. धर्मवीर सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री के पास भिजवाई जाए। प्रस्ताव में लाइनपार क्षेत्रवासियों ने यह भी मांग कि गई सरकारी भूमि पर कुछ नाजायज कब्जे और अतिक्रमण हटवा कर शीघ्र कन्या विद्यालय बनाने घोषणा कर काम शुरू करवाया जाए। जिससे क्षेत्र कि गरीब आबादी की कन्याओं को पढने के लिए एक उचित माहौल और शिक्षा संस्थान मिल सके। इस भूमि पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने वाले लोगों से स्थानीय लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। आए दिन रेल यात्रा कर आने जाने वालों के बहुत बार घटनाएं घटती रहती हैं। रात्रि में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। क्षेत्र निवासी दुःखी हैं।





**भिवानी।** मांगों को लेकर बवानीखेड़ा के विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए।

## विधायक ने विस में मांग उठाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानी खेड़ा

■ नपा कर्मचारियों ने ज्ञापन में सम्मान वेतन ,कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने आदि की मांग रखी

कस्बे में रविवार नगरपालिका कर्मचारियों ने इकठ्ठा होकर विधायक निवास स्थान पर हल्का विधायक कपूर बाल्मीकि को अपना ज्ञापन सौंपा और जल्द ही कर्मचारी वर्गीय मांग लागू करने की सरकार से मांग की। हल्का विधायक कपूर बाल्मीकि ने विधान सभा में कर्मचारियों की मांग उठाने का आश्वासन दिया।

नगरपालिका सफाई कर्मचारी राज्य सचिव पुरुषोत्तम दानव ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारियों की लंबित मांगों को लागू करवाने कं प्रयास से सफाई कर्मचारी संघ एवं ऑल कामगार समिति की तरफ से प्रदेश में मौजूदा समस्त विधायक को आज ज्ञापन सौंपने के आह्वान पर बवानीखेड़ा में ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सफाई कर्मचारियों को पक्का नियुक्ति करने और समान वेतन लागू करने की मांग की गई और उनकी मांग है कि जल्द ही नगरपालिका सफाई कर्मचारियों की समस्त मांग लागू की जाए अन्यथा फिर वह आगामी कठिन निर्णय लेनें को मजबूर होंगे।

रवहीं ज्ञापन को लेकर विधायक ने बेताया कि नपा कर्मचारियों ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का अपना मांगपत्र सौंपा है जिसको मुख्यमंत्री से अवगत करवा विधानसभा में वह लागू करवाने के प्रयास करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगरपालिका सफाई कर्मचारी राज्य सचिव पुरुषोत्तम दानव बवानी खेड़ा इकाई सफाई कर्मचारी प्रधान दिलबाग ,सोनू केशियर , प्रदीप दरोगा सलाहकार , संजय अनूप समेत सफाई कर्मचारी आदि थे।

### गाड़ी चोरी का आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस के डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने प्रभावी कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में सौरभ निवासी बवानी खेड़ा ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने अपनी टाटा ऐस गोल्ड गाड़ी को घर के अंदर गैराज में खड़ा किया हुआ था, जिसे 24 जनवरी की रात को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर थाना बवानी खेड़ा में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। प्रभावी कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के उप-निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घर से गाड़ी चोरी करने के मामले में आरोपी को गांव सिंघानी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेंद्र पुत्र जीत निवासी आजाद नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से बवानी खेड़ा से चोरी की गई टाटा ऐस गोल्ड गाड़ी बरामद कर ली गई है।

गहन पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने 24 जुलाई की रात को बवानी खेड़ा क्षेत्र से एक पिकअप बोलेरो गाड़ी चोरी की थी। इसके अलावा आरोपी ने 27 जनवरी की रात को गांव डीग, जिला सिरसा से दो भैंस चोरी करने की वारदात को भी अंजाम दिया था।

### हड़ताल की तैयारियों को लेकर मनरेगा निर्माण मजदूरों ने की बैठक

■ 8 घंटे से अधिक काम कराए जाने की खोल दी राह

**बाढड़ा।** कस्बे के गांव कारी तोखा शायमकलान दवारका ढिगावा मंडी में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल कि तैयारियों को लेकर मनरेगा निर्माण मजदूरो कि बैठक करते हुए कहा कि भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला संयोजक सुमेर सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष रोशन लाल धारणी ने कहा कि हरियाणा मे निर्माण मजदूर का कल्याण बोर्ड पिछले सात महीने से बंद है जिसके खिलाफ मजदूरों में आक्रोश है और इस हड़ताल में भी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करेगा। भाजपा सरकार द्वारा लागू किए गए लेबर कोड न सिर्फ निर्माण मजदूरों पर सीधा हमला हैं। बल्कि इन लेबर कोड के जरिए न्यूनतम मजदूरी, काम के घंटे, सामाजिक सुरक्षा और यूनियन के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। 8 घंटे से अधिक काम कराए जाने की राह खोल दी गई है। सामाजिक सुरक्षा कोड के नाम पर निर्माण मजदूर कल्याण बोर्डों को ना सिर्फ कमजोर किया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि इन्हीं बोर्डों के जरिए मजदूरों को पेंशन, सहायता और अन्य राहत मिलती थी उसका रास्ता बंद किया जा रहा है । मनरेगा कानून जो आशिक्र राहत प्रदान करता था, उसे भी खत्म कर दिया गया है। चुनावी लाभ लेने के लिए बनाए गए बी पी एल कार्ड भी काटे जा रहे है। 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल सिर्फ एक दिन का काम बंद नहीं है, बल्कि यह हमारे स मान, अधिकार और भविष्य की लड़ाई है।

## कर्मचारियों ने हड़ताल के लिए झोंकी ताकत : करौंथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ 12 फरवरी की हड़ताल में बढ़-चढ़कर शामिल होने का आह्वान

■ लेबर कोड्स मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज

वन कर्मचारी संघ हरियाणा ने आनलाइन मीटिंग कर कर्मियों से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। कर्मचारी नेताओं ने 12 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने के लिये पूरी ताकत झोंकते हुए वन कर्मियों से 12 फरवरी की हड़ताल में बढ़-चढक़र शामिल होने का आह्वान किया। वन मंडल और रेंज कार्यालयों पर वन विभाग में कर्मचारियों की मीटिंग करते हुए और हड़ताल के पोस्टर व हैंड बिलों का वितरण किए जा रहे हैं।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य सचिव व वन कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य मुख्य सलाहकार जोगेंद्र करौंथा, महासचिव विक्रांत, राज्य अमित ने कहा कि 12 फरवरी की हड़ताल करो या मरो की स्थिति में हो रही है, क्योंकि सरकार ने 29 श्रम कानूनों को खत्म कर चार लेबर कोड्स पहली अप्रैल से लागू करने का ऐलान किया है। अगर यह लागू हुए तो यूनियन बनाने, पंजीकरण बरकरार रखना कठिन हो जाएगा। हड़ताल करने का अधिकार खत्म हो जाएगा। लेबर कोड्स मजदूरों की गुलामी का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आंदोलन के बावजूद पुरानी पेंशन बहाली की बजाय यूपीएस लागू कर जले पर नमक छिडक़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कर्मियों की मांग पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ठेका कर्मियों को पक्का करने की बजाय कच्चे कर्मचारियों को ताउम्र कच्चा रखने की पक्की गारंटी के लिए एचकेआरएन का गठन किया है। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को अविलंब लागू करते हुए ठेका कर्मचारियों को पक्का करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार, हरियाणा के कर्मियों के लिए अलग से वेतन आयोग गठित करने और पांच हजार रुपए अंतरिम राहत देने की मांग की भी अनदेखी की जा रही है।

**स्थायी भर्ती करने की मांग:** 18 महीने के बकाया डीए डीआर को रिलीज नही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भयंकर होने के बावजूद रिक्त पदों को स्थाई भर्ती से भर बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। कार्यरत कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इसलिए कर्मचारी 12 फरवरी को हड़ताल को सफल बना कर सरकार का माकूल जवाब देंगे।

## एचडी स्कूल की पूर्व छात्रा रमिता सनवाल मुख्यातिथि बन पहुंची अपने पुराने स्कूल





**चरखी दादरी ।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थियों के लिए भव्य वार्षिक उत्सव उल्लास का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य आकर्षण रही तीन से साढ़े तीन वर्ष के बच्चों की बोद्धिक एवं शारीरिक विकास प्रतियोगिता ग्रांड बेबी शो जिसके तहत बच्चों के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, बौद्धिक प्रतिक्रिया के आधार पर उनको माताओं के साथ मंच पर पुरस्कृत किया गया। इसके बाद बच्चों ने वेलकम सॉन्ग, इट हैपन्स ओनली इन इंडिया, सारे जहाँ से अच्छा, पापा कहते हैं, थोड़ा उठ के चलें, हरियाणवी नृत्य 'मैं दीवानी, दिल की रानी' डिस्को दीवाने, आदि रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों से पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक बलराज फौगाट ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की पूर्व छात्रा रमिता सनवाल आइआइएम की उपस्थिति विशेष प्रेरणा स्रोत रही। एचडी शिक्षण संस्था साल्हावास के निदेशक विशाल नेहरा भी पहुंचे।

### धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से ही सुसंस्कृत एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव



**बाढड़ा।** कस्बे के लोहारू रोड स्थित हनुमान मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा क्रांतिकारी चौक होते हुए अनाज मंडी बाढड़ा में पहुंची। अनाज मंडी में पहुंचने पर हवन-यज्ञ एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कस्बे की अनाज मंडी में आयोजित हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व व्यापार मंडल प्रधान रामकिशन फौजी ने की। कार्यक्रम में सैकड़ो श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आरएसएस प्रवक्ता चंद्रपाल सांगवान एवं बहन पूनम ओम शांति संस्था, बाढड़ा मु2य वक्ता के रूप में मौजूद रहीं। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए इस प्रकार के छोटे-छोटे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन आवश्यक है, ताकि बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जा सकें और उनके मन में अपने धर्म व संस्कृति के प्रति सकारात्मक भावना विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से एक सुसंस्कृत और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर कुलदीप आर्य बाढड़ा, प्रदीप बाढड़ा, सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार बाढड़ा, बलवान आर्य भाण्डवा, धर्म सेना प्रदेश अध्यक्ष, मोहन सैनी बाढड़ा, मनोज डुडीवाला किशनपुरा आदि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन ने इंस्पेक्टिंग जज संदीप मुद्गिल के सामने उठाई चार प्रमुख मांगें

■ न्यायमूति ने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार की कोर्ट केस को ऑनलाइन कराने के दिए निर्देश

**भिवानी।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं भिवानी के इंस्पेक्टिंग जज संदीप मुद्गिल ने जिला बार एसोसिएशन के सभागार का दौरा किया। इस अवसर पर जिला बार एसो. भिवानी द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें न्यायिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और वकीलों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभागार पहुंचने पर जिला बार एसो. के प्रधान संदीप तंवर व सचिव विनोद भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारियों ने न्यायमूर्ति संदीप मुद्गिल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर न्यायाधीश को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें एक स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसो. ने न्यायमूर्ति के समक्ष वकीलों और वादियों की सुविधा के लिए चार प्रमुख मांगें रखी, जिसमें दूसरी फैमिली कोर्ट को लाना, लेबर कोर्ट एस्टेबलिश करवाना, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि की कोर्ट के केस को ऑनलाbन कराने के लिए व्यवस्था करवाना तथा ओल्ड कोर्ट कैंपस को न्यू कोर्ट कैंपस से जोडऩे के लिए कोरिडोर का निर्माण करवाना आदि रही। न्यायमूर्ति संदीप मुद्गिल ने उपायुक्त को तुरंत आदेश जारी कर दिए हैं कि इन अदालतों की कार्यवाही को जल्द से जल्द ऑनलाइन व्यवस्था से जोड़ा जाए। इसके अलावा कॉरिडोर निर्माण और अन्य मांगों पर भी सकारात्मक रूप से विचार किया जा रहा है।

मार्केट न्यूज

### एमके हॉस्पिटल ने फिर एक बार किया कमाल, स्वास्थ्य जागरूकता के लिए "द ग्रेट भिवानी रन–2.0" का भव्य आयोजन



**भिवानी।** स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एमके हॉस्पिटल, भिवानी ने एक बार फिर मिसाल पेश की। "द ग्रेट भिवानी रन – 2.0" का भव्य एवं सफल आयोजन 8 फरवरी, रविवार को एमके हॉस्पिटल परिसर से किया गया। इस हाफ मैराथन का आयोजन श्री हरि हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया, जिसमें स्वास्थ्य प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मैराथन में 3105 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रन को 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियों में आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने में भिवानी पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस प्रशासन के संपूर्ण सहयोग से यह आयोजन पूरी तरह सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न हुआ। एमके हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से भिवानी पुलिस प्रशासन का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया गया। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी रनर्स को सिपर बोतल, मेडल, रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराए गए। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर जुंबा सेशन एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में जोश और ऊर्जा का संचार किया गया। एमके हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। अस्पताल द्वारा समय-समय पर इस तरह के सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। "द ग्रेट भिवानी रन – 2.0" को शहरवासियों का भरपूर समर्थन मिला और यह आयोजन भिवानी में स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ।

## चेयरपर्सन अनिता मलिक ने रखी नींव

# 27 लाख से होंगे कैरू में विकास कार्य

■ प्रत्येक ग्रामसभा में पास करके मंत्री व सांसद को दे सीरियल वाइज काम

■ जिला परिषद के टैंकरों के बाद मंत्री व सांसद भी अब दे रहे हैं टैंकर व ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

रविवार को गांव कैरु में भिवानी की जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समारोह में पहुंचने पर चेयरपर्सन अनीता मलिक का मान सम्मान की प्रतीक पगड़ी व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जिसके लिए चेयरपर्सन अनीता मलिक ने जिला पार्षद श्वेता, लाला प्रधान व समस्त ग्रामीणों का आभार जताया। इस दौरान जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने 60 लाख रुपए की राशि से होने वाले विकास कार्यों की नींव भी रखी। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनीता मलिक ने कहा की जो अपना होता है वो अपने एरिया में काम करता है। प्रत्येक ग्रामसभा को अपनी सीरियल वाइज कामों की लिस्ट बनाकर विधायक व मंत्री से काम करवाने चाहिए न की उनके द्वारा फैलाए गए विकास के झूठे ढिंढोरों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। मलिक का कहना था कि आज मंत्री व सांसद जिला परिषद के टैंकरों को देखकर ट्रेक्टर बांट रहे हैं जो 60 साल में कभी नहीं बांटे जो अब दे रहे हैं वो उनकी अच्छी बात है। किंतु जिला परिषद द्वारा दिए गए टैंकरों पर रोक नहीं लगवानी चाहिए। इस मौके पर कृष्ण मलिक, लाला प्रधान, श्वेता पार्षद, कृष्ण तिगड़ाना पार्षद, सुमेश पार्षद, राजा पार्षद, नरेंद्र पार्षद,संदीप सरपँच मालवास कोहड़, कैलाश सरपँच हेतमपुरा, बिजेन्दर बिजलानाबास, सरपँच जितवानबास, कुलदीप सरपँच भानगढ़ आदि सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



**तोशाम।** कार्यक्रम में पहुंची चेयरपर्सन अनिता मलिक का स्वागत करते हुए।

### एससी चौपाल पर खर्च होंगे 11 लाख रुपये

चेयरपर्सन अनिता मलिक ने 11 लाख रुपये की राशि से बनने वाले अंबेडकर भवन, 11 लाख रुपये की राशि से बनने वाली एससी चौपाल, 5 लाख रुपये की राशि बनने वाले माता रानी मंदिर के शेड की घोषणा की। इस दौरान चेयरपर्सन ने 60 लाख रुपये की राशि से होने वाले विकास कार्यों की नींव रख कार्य शुरू करवाए।

## पाथरवाली ने भानगढ़ को हराया नवीन बने मैन ऑफ द मैच

■ स्व. धनकौर देवी की स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन हुए कड़े मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्व. धनकौर देवी की पुण्यतिथि की स्मृति में गांव पाथरवाली में आयोजित 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन रविवार को मैदान पर रोमांच का सैलाब उमड़ पड़ा। जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है, टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा और भी तीखी होती जा रही है। चौथे दिन के खेल में पाथरवाली की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ग्रुप क्लियर कर अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

प्रतियोगिता के चौथे दिन पांच मैच खेले गए। दिन के अन्य मुकाबलों में आसलवास ने नांगल को शिकस्त दी। भानगढ़ ने तुलावल के खिलाफ जीत दर्ज की। पाथरवाली ने डूडीवाला को हराया। भानगढ़ ने अपने एक अन्य मैच में जीतपुरा को पटखनी दी। दिन का सबसे रोमांचक और निर्णायक मैच पाथरवाली और भानगढ़ के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भानगढ़ की टीम ने निर्धारित 6 ओवरों में 73 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाथरवाली की टीम ने सधी हुई बल्लेबाजी और आक्रामक तेवरों के साथ 6 ओवरों में 74 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नवीन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सुनील शास्त्री ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 42 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

